*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में गणेशपुर में चलाया योग, स्वच्छता रैली, आरोग्य शिक्षा अभियान

वर्धा दि. 23 फरवरी 2016 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना




इकाई के द्वारा ग्राम गणेशपुर में चल रहे विशेष शिविर के अंतर्गत मंगलवार दि. 23 फरवरी को





विभिन्न उपक्रम चलाये गये। प्रातः 6.30 बजे से योग शिक्षक दामोदर राउत के नेतृत्व में मोहन




काले, अरविंद वंजारी ने योग की कक्षाएं ली तथा विद्यार्थियों और नागरिकों से योग करवाया। इसके

बाद संपूर्ण गांव में स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य के महान कर्मयोगी संत गाडगे बाबा की भूमिका में विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग के छात्र सचिन पाहवा ने स्वच्छता के साथ-साथ, शिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, पानी, बिजली बचाओं का संदेश दिया। रैली में ग्राम की सरपंच निर्मलाताई




ढुमने भी शामिल हुई। रैली का प्रारंभ ग्राम पंचायत के प्रांगण से योग शिक्षक दामोदर राउत की उपस्थिति में किया गया। स्वच्छता रैली में गणेशपुर के नागरिक, युवा युवतियों के साथ स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। रैली के समापन पर कस्तुरबा हेल्थ सोसायटी, सेवाग्राम के अंतर्गत ग्रामीण आरोग्य प्रशिक्षण केंद्र, आंजी के डॉ. विनोद येनुरकर ने स्वच्छता को लेकर व्याख्यान दिया। इसी केंद्र की काउंसलर जयश्री डहाके ने युवा-युवतियों की समस्याएं और उसके निदान के लिए केंद्र द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में अवगत कराया। इस अभियान में डॉ. वैशाली भगत, मनोज कुमार, प्रीति आसटकर, सेवाग्राम अस्पताल द्वारा चलाए जा रहे किरण अस्पताल के प्रभारी खुशालराव येडे, सरपंच निर्मलाताई ढुमने, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, डॉ. सुप्रिया पाठक आदि सहित शिविर में सहभागी विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या विशेष शिबिरात
## गणेशपूर येथे योग, स्वच्छता रॅली, आरोग्य शिक्षण अभियान

वर्धा दि. 23, 2016 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने गणेशपूर येथे चालू असलेल्या विशेष शिबिरात मंगळवारी विविध उपक्रम हाती घेण्यात आले. सकाळी 6.30 वाजता योग शिक्षक दामोदर राउत यांच्या नेतृत्वात मोहन काळे, अरविंद वंजारी यांनी योगाचे महत्व आणि प्रात्याक्षिक केले. यानंतर संपूर्ण गावातून स्वच्छता रॅली काढण्यात आली. महान कर्मयोगी संत गाडगे बाबा यांच्या भूमिकेत विश्वविद्यालयातील प्रदर्शनकारी कला विभागाचा विद्यार्थी सचिन पाहवा यांनी स्वच्छत, शिक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, पाणी, आणि वीज बचतीचा संदेश दिला.

सरपंच निर्मलाताई ढुमने रॅलीत सहभागी झाल्या होत्या. रॅलीची सुरूवात ग्राम पंचायत कार्यालयापासून दामोदर राउत यांच्या उपस्थितीतील करण्यात आली. रॅलीच्या समारोपाच्या वेळी कस्तुरबा हेल्थ सोसायटी, सेवाग्राम केंद्राच्या अंतर्गत ग्रामीण आरोग्य प्रशिक्षण केंद्र, आंजी येथील डॉ. विनोद येनुरकर यांनी स्वच्छता आणि आरोग्य या विषयावर मार्गदर्शन केले. केंद्राच्या समुपदेशक जयश्री डहाके यांनी युवा-युवतींच्या समस्या आणि त्यांचे समाधान या विषयावर मार्गदर्शन केले. या अभियानात डॉ. वैशाली भगत, मनोज कुमार, प्रिती आसटकर, सेवाग्राम रूगणालयाच्या वतीने गणेशपूर येथे चालविण्यात येत असलेल्या किरण या केंद्राचे प्रभारी खुशालराव येडे, सरपंच निर्मलाताई ढुमने, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे, डॉ. सुप्रिया पाठक यांच्यासह शिबिरार्थी विद्यार्थ्यांनी सहभाग घेतला.